Shri Jain P G College, Bikaner

Total No. of Questions : **12** ]                                        [ Total No. of Printed Pages : **8**

श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

# CPF–2255

## M.Com. (Final) Examination, 2022

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

### Paper - X

### (Taxation and Tax Planning)

*Time : 3 Hours* ]                                        [ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note :–*** Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट :–** सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note :–*** Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट :–** सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note :–*** Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट :–** चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

## (खण्ड–अ)

1. (i) Write the names of any *four* Direct Tax Authorities.

किन्हीं **चार** प्रत्यक्षकर पदाधिकारियों के नाम लिखिए।

(ii) Write any *two* characteristics of Tax Planning.

कर नियोजन की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए।

(iii) Write any *two* problems of Tax Planning.

कर नियोजन की कोई **दो** समस्याएँ लिखिए।

(iv) Write any *two* shortcomings in administrative legislation.

प्रशासनिक विधान में व्याप्त किन्हीं **दो** कमियों को लिखिए।

(v) What do you mean by Tax Holiday ?

कर अवकाश से आप क्या समझते हैं ?

(vi) For which type of profits deduction under Section 80I BA is available ?

किस प्रकार के लाभों के लिए धारा 80I BA के अन्तर्गत कटौती उपलब्ध है ?

(vii) Written down value of the furniture on 1st April, 2020 was ₹ 22,000. Sold whole of the furniture for ₹ 18,000 on 21st March, 2021. Calculate allowable depreciation on furniture for the Assessment year 2021-22.

फर्नीचर का 1 अप्रैल, 2020 को उपलिखित मूल्य ₹ 22,000 था। 21 मार्च, 2021 को समस्त फर्नीचर ₹ 18,000 में विक्रय कर दिया। कर निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए फर्नीचर पर स्वीकार्य ह्रास की गणना कीजिए।

(viii) Write names of any *four* expenses which are expressly disallowed in the computation of taxable profits of business.

किन्हीं **चार** व्ययों के नाम लिखिए जो व्यवसाय के कर योग्य लाभों की गणना करते समय स्पष्टतया अस्वीकृत किए जाते हैं।

(ix) What is Tax-Avoidance ?

कर बचाव क्या है ?

(x) Give the provisions with reference to Tax Planning regarding 'Public Provident Fund'.

'सार्वजनिक भविष्य निधि' के सम्बन्ध में कर नियोजन सम्बन्धी प्रावधानों को बताइए।

(खण्ड–ब)

2. What problems do arise from different concepts of Income ? Explain briefly.

आय की भिन्न-भिन्न अवधारणाओं से क्या समस्याएँ उत्पन्न होती हैं ? संक्षेप में समझाइए।

3. Mr. Ravi, who is neither a director nor has substantial interest in any company is offered on 1st April, 2021 an employment by Vinod Mills Limited, Jodhpur (Population 12 lakhs) with the following two alternatives :

| | **Alternative I** (₹) | **Alternative II** (₹) |
|---|---|---|
| Basic Salary (Annual) | 78,000 | 78,000 |
| Bonus | 20,000 | 20,000 |
| Education allowance for two children | 6,000 | – |
| Education Facility | – | 6,000 |
| Servant Allowance | 2,400 | – |
| Free domestic servant | – | 2,400 |
| Allowance for gas, electricity and water supply | 3,600 | – |
| Free gas, electricity and water supply | – | 3,600 |
| A rent free unfurnished house, fair rent | 12,000 | 12,000 |

Which of the two alternatives Mr. Ravi should opt for ? Employer's contribution towards recognised provident fund is ₹ 12,000.

श्री रवि, जो न तो किसी कम्पनी में संचालक है तथा न ही किसी कम्पनी में जिनका सारवान हित है, को विनोद मिल्स लिमिटेड, जोधपुर (आबादी 12 लाख) ने निम्न दो विकल्प देते हुए 1 अप्रैल, 2021 से नियुक्ति का प्रस्ताव किया है :

| | **विकल्प प्रथम** (₹) | **विकल्प द्वितीय** (₹) |
|---|---|---|
| मूल वेतन (वार्षिक) | 78,000 | 78,000 |
| बोनस | 20,000 | 20,000 |
| दो बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता | 6,000 | – |
| शिक्षा की सुविधा | – | 6,000 |
| नौकर रखने हेतु भत्ता | 2,400 | – |

| | | |
|---|---|---|
| घरेलू नौकर की निःशुल्क सुविधा | – | 2,400 |
| गैस, बिजली एवं पानी की आपूर्ति हेतु भत्ता | 3,600 | – |
| गैस, बिजली एवं पानी की निःशुल्क सुविधा | – | 3,600 |
| असुसज्जित रहने के मकान की मुफ्त सुविधा जिसका उचित किराया | 12,000 | 12,000 |

दोनों विकल्पों में श्री रवि को कौनसा विकल्प चुनना चाहिए ? प्रमाणित भविष्य निधि में नियोक्ता का अंशदान ₹ 12,000 है।

4. Explain the deduction in respect of certain undertakings in North-Eastern States (U/S 80-IE).

पूर्वोत्तर राज्यों में कुछ विशिष्ट उपक्रमों के सम्बन्ध में कटौती (धारा 80-IE) को समझाइए।

5. Mr. Umesh submits the following particulars of his income for the assessment year 2021-22 :

| | | (₹) |
|---|---|---|
| (i) | Income from letout house (computed) | 6,000 |
| (ii) | Loss from self-occupied house | 7,000 |
| (iii) | Profit of business of Publication of books | 22,800 |
| (iv) | Speculation income | 4,000 |
| (v) | Short-term Capital Gains | 13,000 |
| (vi) | Long-term Capital Gains | 2,000 |
| (vii) | Dividend (from domestic company) | 16,000 |
| (viii) | Winning in card games | 10,000 |

The following items have been brought forward from the preceeding assessment year 2020-21 :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Loss from Sugar business of A.Y. 2014-15 (discontinued in 2016-17) | 6,500 |
| (ii) | Loss from books publication business (2014-15) | 4,500 |
| (iii) | Loss in card game | 2,000 |
| (iv) | Speculation Loss | 12,000 |
| (v) | Short Term Capital Loss (AY 2015-16) | 6,000 |
| (vi) | Long Term Capital Loss (AY 2013-14) | 7,000 |

You are required to compute his Gross Total Income.

मि. उमेश कर-निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए अपनी आय के निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करते हैं :

| | | (₹) |
|---|---|---|
| (i) | किराये पर उठाए गए मकान सम्पत्ति की आय (आकलित) | 6,000 |
| (ii) | स्वयं के रहने के मकान से हानि | 7,000 |
| (iii) | पुस्तक प्रकाशन के व्यापार का लाभ | 22,800 |
| (iv) | सट्टे के व्यापार से आय | 4,000 |
| (v) | अल्पकालीन पूँजी लाभ | 13,000 |
| (vi) | दीर्घकालीन पूँजी लाभ | 2,000 |
| (vii) | लाभांश (घरेलू कम्पनी से) | 16,000 |
| (viii) | ताश के खेल में जीते | 10,000 |

पिछले कर निर्धारण में वर्ष 2020-21 के निम्नलिखित मद आगे लाये गए हैं :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | चीनी के व्यापार की हानि 2014-15 कर निर्धारण वर्ष की जिसे 2016-17 में बन्द कर दिया | 6,500 |
| (ii) | पुस्तक प्रकाशन के व्यापार से हानि (2014-15) | 4,500 |
| (iii) | ताश के खेल में हारे | 2,000 |
| (iv) | सट्टे के व्यापार की हानि | 12,000 |
| (v) | अल्पकालीन पूँजी हानि (कर निर्धरण वर्ष 2015-16 की) | 6,000 |
| (vi) | दीर्घकालीन पूँजी हानि (कर निर्धारण वर्ष 2013-14 की) | 7,000 |

आपको इनकी सकल कुल आय की गणना करनी है।

6. Explain the advantages and disadvantages of investment in shares and debentures with reference to tax planning.

कर नियोजन के सन्दर्भ में अंशों एवं ऋणपत्रों में विनियोजन के गुण-दोष बताइए।

7. Discuss the organisational problems of Tax Management.

कर प्रबन्ध की संगठनात्मक समस्याओं की विवेचना कीजिए।

8. What is depreciation ? Explain the provisions of Indian Income Tax Act, 1961 regarding depreciation allowance.

ह्रास क्या है ? ह्रास की कटौती के सम्बन्ध में आय-कर अधिनियम, 1961 की व्यवस्थाओं को समझाइए।

(खण्ड–स)

9. Discuss, some of the important problems, which are being faced by the tax-planners in respect of Indian Income Tax Act.

भारतीय आयकर अधिनियम के सन्दर्भ में कर नियोजकों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनमें से कुछ महत्त्वपूर्ण समस्याओं की विवेचना कीजिए।

10. Discuss in brief the various tax incentives available under Indian Income Tax Law for industiral growth.

भारतीय आयकर विधान के अन्तर्गत औद्योगिक विकास के लिए उपलब्ध विभिन्न कर प्रेरणाओं का संक्षिप्त विवेचन कीजिए।

11. From the following Profit & Loss Account of a merchant for the year ended 31st March, 2021, find out his income from business for the assessment year 2021-22 and also show the amount of deductible and not deductible expenses :

31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए एक व्यापारी के निम्न लाभ-हानि खाते से उसकी कर निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए व्यापार की आय की गणना कीजिए तथा स्वीकृत एवं अस्वीकृत व्ययों को भी बताइए :

| | (₹) | | (₹) |
|---|---|---|---|
| Office Salaries | 6,000 | Gross Profit | 56,200 |
| General expenses | 22,500 | Commission | 1,200 |
| Fire Insurance Premium | 600 | Discount | 750 |
| Advertising | 2,000 | Sundry Receipts | 100 |
| Interest of Capital | 1,200 | Bad Debts Recovered | 200 |
| Provision for Bad Debts | 1,500 | Bonus Received on Keyman | |
| Provision for Depreciation | 2,000 | Insurance Policy | 300 |
| Provision for Income Tax | 1,000 | Profit from Business of dealing | |
| Interest on Bank Loan | 1,400 | in Equity Shares | 24,000 |
| Loss on Sale of Building | 1,800 | Profit from business of | |
| Sales Tax | 800 | dealing in Commodity | |
| Securities Transaction Tax | 2,000 | Derivities | 12,000 |
| Commodity Transaction Tax | 4,000 | | |
| Postage & Telegrams etc. | 500 | | |
| Discount and Allowance | 600 | | |
| Net Profit | 46,850 | | |
| | **94,750** | | **94,750** |

General Expenses include ₹ 11,000 paid for obtaining licence for telecommunication service for 11 years. It also include ₹ 600 given as donation to an educational institution. Actual bad debts written-off during the year amount to ₹ 800 but the Assessing Officer was of the view that 25% of the bad debts claimed had become bad two years ago. Advertising expenses include ₹ 1,000, the cost of a new sign board fixed on the shop. The amount of depreciation allowable including the depreciation on new sign board is ₹ 1,200. The written down value of the building sold was ₹ 10,000. It was sold on 20-02-2021 for ₹ 8,200. There was no other asset in this block of assets

सामान्य व्ययों में दूरसंचार सेवाओं का 11 वर्ष के लिए लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए चुकाई गई ₹ 11,000 की राशि तथा शिक्षण संस्थाओं को दिए गए दान के ₹ 600 सम्मिलित हैं। वर्ष में वास्तविक डूबत ऋण ₹ 800 अपलिखित किए गए हैं परन्तु निर्धारण अधिकारी के विचार से डूबत ऋण के दावे की राशि का 25% दो वर्ष पूर्व ही डूब चुका था। विज्ञापन व्ययों में ₹ 1,000 दुकान पर लगाए गए एक नए 'साइन बोर्ड' का लागत मूल्य सम्मिलत है। नए साइन बोर्ड के ह्रास सहित स्वीकृत ह्रास ₹ 1,200 है। बेची गई इमारत का अपलिखित मूल्य ₹ 10,000 था। इसे 20-2-2021 को ₹ 8,200 में बेचा गया। सम्पत्तियों के इस समूह में अन्य कोई सम्पत्ति नहीं थी।

12. Mr. Manoj purchased a peice of land on 1st January, 2019 for ₹ 6,00,000. In October, 2020 the land price is quoted at about ₹ 15,00,000. Since the marriage of the daughter of Mr. Manoj is fixed in March, 2021, therefore Mr. Manoj is intending to sell the land so that resources can be mobilised for the purpose of the marriage. The price of the land is likely to fall by 2% after the month of October, 2020. The transfer expenses are about 1% of the sale price.

    As tax consultant advise Mr. Manoj whether he should sell the land in October, 2020 or he should wait and sell the land after 3 months.

    Cost inflation index for the year 2018-19 and 2020-21 are 280 and 301 respectively. The income of other heads of Mr. Manoj is ₹ 1,50,000.

    श्री मनोज ने एक भूखण्ड 1 जनवरी, 2019 को ₹ 6,00,000 में खरीदा। अक्टूबर, 2020 में इस भूखण्ड का विक्रय मूल्य लगभग ₹ 15,00,000 है। चूंकि मनोज की लड़की का विवाह मार्च, 2021 में होना निश्चित हुआ है, अत: मनोज ने इस भूखण्ड का विक्रय करने का इरादा किया है ताकि विवाह के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध हो सकें। अक्टूबर, 2020 के बाद इस भूखण्ड के मूल्य में 2% की कमी आने की संभावना है। हस्तानान्तरण व्यय विक्रय मूल्य के 1% है।

श्री मनोज को कर सलाहकार के रूप में सलाह दीजिए कि उसे भूखण्ड का विक्रय अक्टूबर 2020 में कर देना चाहिए अथवा इन्तजार करके 3 माह बाद में बेचना चाहिए।

लागत वृद्धि सूचकांक वर्ष 2018-19 एवं 2020-21 के लिए क्रमश: 280 एवं 301 है। श्री मनोज की अन्य शीर्षकों की आय ₹ 1,50,000 है।